Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding rejection of crop insurance application by HDFC ERGO insurance company in Bagarh, Orisha.

श्री सुरेश पुजारी (बारगढ़): सभापति महोदय, मैं एक गंभीर व संगीन विषय आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ । मैं इस विषय को आपके माध्यम से भारत सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ । मेरा जो क्षेत्र है, उस क्षेत्र में एक बरगढ़ जिला है । इस जिला में दो सब-डिवीजन हैं । जो बरगढ़ सब-डिवीजन है, वह इरीगेटेड सब-डिवीजन है और जो पदमपुर सब-डिवीजन है, वह नॉन-इरीगेटेड तथा सूखा अंचल है । हाल ही में वहाँ एक कंपनी आई, वह एचडीएफसी एरगो क्रॉप इंश्योरेंस कंपनी है । इसने क्या किया कि मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट का जो फोरकास्ट था, उससे इस कंपनी को पता चला कि कहाँ पर ज्यादा पानी नहीं होने वाला है, कहाँ पर रेनफॉल कम होगा । शुरू में, इस कंपनी ने क्या किया है कि जहाँ पर रेनफॉल कम होने का फोरकास्ट था, वहाँ फसल बीमा हजारों की संख्या में रिजेक्ट किया । मैं आपके संज्ञान में यह भी लाना चाहता हूँ कि यह रिजेक्शन बिना किसी कारण से हुआ है । यह कटऑफ डेट के बाद का रिजेक्शन है । जो क्रॉप इंश्योरेंस एक्ट है, यह उसके खिलाफ है ।… (व्यवधान)